# नंदी ने की भूखंडों के उप विभाजन के लिए प्रस्तावित नीति की समीक्षा

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बुधवार को यूपीसीडा के भूखंडों के उप विभाजन के लिए तैयार की जा रही नई नीति की समीक्षा की। उन्होंने लैंड बैंक बढ़ाने के साथ ही नई नीति के सरलीकरण के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जून को करेंगे। प्रदेश में वर्षों से बंद पड़ी कई इकाईयां हैं जो न तो चालू हो पा रही हैं और न ही अपनी जमीन का निस्तारण कर पा रही हैं। लैंड बैंक बढ़ाने के लिए और उद्यमियों की खाली पड़ी जमीनों को हिस्सों में बांटकर अन्य उद्योगों को उपलब्ध कराने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए भूखंडों के उप विभाजन की नई नीति का प्रारूप तैयार किया गया है। नंदी ने भूखंडों के उप विभाजन के लिए नई नीति को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

भारत पंप्स एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड को बचाने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा है कि तीन निजी निवेशक बीपीसीएल नैनी (प्रयागराज) को संचालित करने के इच्छुक हैं। अगर इसे चल-अचल संपत्ति समेत निजी निवेशकों के माध्यम से संचालित कराया जाए तो न केवल भारत सरकार को बेहतर आय होगी बल्कि इस इकाई के दोबारा शुरू होने से रोजगार भी पैदा होगा। ब्यूरो

f

एस.एल